*नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से सरकार की स्वच्छ भारत अभियान की महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत की गयी अपील के अनुसरण में दि. 22 से 26 जून 2015 को विश्वविद्यालय के सभी विभागों एवं परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें अध्यापक, अधिकारी, कर्मी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



इस अभियान के दौरान 212 एकड़ के क्षेत्र में फैले शैक्षणिक परिसर, छात्रावासों, कार्यालय परिसर आदि में फर्श तथा शिशें, टेबल, कुर्सी, कम्प्यूटर एवं उपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि की साफ-सफाई विश्वविद्यालय के शिक्षकों कर्मियों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा की गयी। कार्यालय के बाहर के परिसर जैसे पार्किंग स्थल, पैदल पथ, गांधी हिल, कबीर हिल, सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास, गोरख पाण्डेय छात्रावास, बिरसा मुण्डा छात्रावास और मुख्य सडकों पर सफाई की गयी। सभी इमारतों में विशेष स्वच्छता




अभियान चलाया गया और कचरा तथा अनावश्यक घास एवं कूड़े को हटाकर परिसर को साफसुथरा रखने की दिशा में पूरे सप्ताह खास ध्यान दिया गया। इस अभियान में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के मार्गनिर्देशन में प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र तथा विभिन्न विभागों के अधिष्ठाता तथा संकाय सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया तथा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों ने अभियान में स्वयं आगे आकर हिस्सा लिया।



# हिंदी विश्वविद्यालयात स्वच्छता अभियान

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात भारत सरकार, मनुष्यबळ विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षण विभाग, नवी दिल्ली यांनी केलेल्या आवाहनाला प्रतिसाद देत दि. 22 ते 26 जून दरम्यान स्वच्छता अभियान राबविण्यात आले. या अभियानात अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी आणि विद्यार्थ्यांनी उत्साहपूर्वक सहभाग घेतला. या अभियानात कार्यालयांव्यतीरिक्त पार्किंग स्थळ, पैदल पथ, गांधी हिल, कबीर हिल, सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास, गोरख पाण्डेय छात्रावास, बिरसा मुण्डा छात्रावास आणि मुख्य रस्त्यांची स्वच्छता करण्यात आली. इमारतींच्या आसपासचा कचरा आणि अनावश्यक गवत काढून टाकण्यावर आठवडाभराच्या अभियानात अधिक भर देण्यात आला. या अभियानात कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र यांच्या मार्गदर्शनाखाली अधिकारी, कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे स्वयंसेवक आणि विद्यार्थ्यांनी स्वयंस्फूर्तीने सहभाग घेतला.